Seat No. : _______________

# XT-119-H

**April-2013**

## B.Com Sem.-II

## CE(A) Financial Accounting-II

## (Adv. Acc & Auditing)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (अ) राज और इन्द्र का ता. 31-3-2012 का आर्थिक चिट्ठा निम्नानुसार है : **8**

| पूँजी-दायित्व | | ₹ | सम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **पूँजी** : | | | ख्याति | 20,000 |
| राज | 1,50,000 | | मकान | 2,25,000 |
| इन्द्र | 1,00,000 | 2,50,000 | प्लान्ट | 62,500 |
| अनामत | | 55,000 | स्टोक | 87,500 |
| बैंक लौन | | 1,25,000 | देनदार | 1,22,500 |
| राज की लोन | | 30,000 | विनियोग | 35,000 |
| लेनदार | | 1,00,000 | रोकड़/बैंक | 60,000 |
| प्रोविडन्ड फंड | | 52,500 | | |
| **कुल** | | **6,12,500** | **कुल** | **6,12,500** |

उपर्युक्त धंधा खरीदने के लिए ₹ 10 वाले 75,000 इक्विटी शेयरों की अधिकृत पूँजी से नरेन्द्र लि. की स्थापना की गयी । धंधा की खरीदी की शर्तें निम्नानुसार हैं :

(1) ख्याति की कीमत ₹ 26,250 गिननी है ।

(2) कम्पनी राज की लोन के अतिरिक्त सभी दायित्व और विनियोगों के अतिरिक्त सभी सम्पत्तियाँ स्वीकारेगी ।

(3) सम्पत्तियों की कीमत निम्नानुसार लेनी हैं :

(i) स्थायी सम्पत्तियों की कीमत बही कीमत से 20% अधिक गिनना ।

(ii) स्टोक की कीमत बही कीमत से 20% कम और देनदारों पर 10% डूबत ऋण अनामत गिनना है ।

(4) खरीद कीमत के रूप में 15,000 पूर्ण भरपाई इक्विटी शेयर 10% प्रीमियम से और 12% के 1000 ऋणपत्र प्रति ₹ 100 वाले देने हैं तथा शेष रकम रोकड़ में देनी है ।

(5) धंधा की खरीदी के बाद 25% लेनदारों को रोकड़ से भुगतान करना है ।

(6) यह भी निश्चित किया गया कि उपर्युक्त व्यवहारों के बाद धंधा में ₹ 1,00,000 की रोकड़ शेष रहे उतने जरूरी शेयर रोकड़ से आम जनता में प्रकाशित किये जायें जो पूर्ण भरपाई होंगे ।

नरेन्द्र लि. की बही में जरूरी जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये और प्रारंभिक आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिये ।

**अथवा**

(अ) महेता ब्रदर्स का चालू धंधा ₹ 8,00,000 के देनदार एवं ₹ 4,00,000 के लेनदारों के अतिरिक्त गुजरात लि. खरीद लेती है । कम्पनी पेढ़ी के देनदारों से वसूली करना तथा लेनदारों को भुगतान करना स्वीकार करती है । इसके बदले में कम्पनी देनदारों से वसूल रकम पर 2% और लेनदारों के पास से प्राप्त बट्टा का 50% रकम कमीशन के रूप में पाने की हकदार है ।

कम्पनी देनदारों के पास से ₹ 40,000 डूबत ऋण और 10% बट्टा काटने के बाद ₹ 5,40,000 वसूल करती है और 80% लेनदारों को 10% बट्टा से चुकाती है ।

कम्पनी पहले के डूबत ऋण के रूप में अपलिखित रकम ₹ 40,000 एक देनदार से वसूल करती है ।

कम्पनी पेढ़ी को चुकायी जाने वाली रकम चुका देती है ऐसा मानकर गुजरात लि. की बही में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये और विक्रेता का उपलक खाता तैयार कीजिये ।

(ब) कोई **एक** समझाइये ।: **6**

(1) हिसाबी मानकों की उपयोगिता

(2) हिसाबी मानक-2 : इनवेन्टरी मूल्यांकन

(3) हिसाबी मानक-6 : घिसाई के हिसाब

2. (अ) अ लि. ने ₹ 10 वाले 4,00,000 इक्विटी शेयर प्रकाशित किये । सम्पूर्ण निर्गमन P, Q और R द्वारा पूर्ण अभिगोपित किया गया जो निम्नानुसार है : **8**

P : 2,40,000 शेयर, Q : 1,00,000 शेयर, R : 60,000 शेयर

इसके अतिरिक्त P : 32,000 शेयर, Q : 12,000 शेयर, R : 40,000 शेयरों के लिए फर्म अभिगोपन करता है ।

निशानी वाले आवेदनों सहित कुल 3,00,000 शेयरों के लिए आवेदन मिले जिनमें निशानी वाले आवेदन निम्नानुसार थे :

P : 40,000 शेयर, Q : 80,000 शेयर, R : 20,000 शेयर ।

यदि फर्म अभिगोपन जमा न देना हो तो प्रत्येक अभिगोपक (दलाल) की जवाबदारी निश्चित कीजिये ।

**अथवा**

(अ) (1) निम्नलिखित जानकारी पर से अभिगोपक (दलाल) की जवाबदारी निश्चित कीजिये :

अ लि. ने ₹ 10 वाले 80,000 इक्विटी शेयर प्रकाशित किये । इसके लिए केवल अभिगोपक शाह एन्ड सन्स द्वारा 60,000 शेयरों के लिए अभिगोपन किया गया ।

निशानी वाले 45,000 शेयरों सहित कुल 64,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं ।

(2) अंश/ऋणपत्र के अभिगोपन के लाभ बताइये ।

(ब) एक कम्पनी की बही में ता. 1/1/2012 को निम्नलिखित बाकियाँ थी : **6**

| | |
|---|---|
| 12% के ऋणपत्र : | ₹ 6,00,000/- |
| ऋणपत्र शोधन निधि : | ₹ 4,50,000/- |
| 8% के ऋणपत्र शोधन निधि विनियोग : | ₹ 4,50,000/- |

कम्पनी प्रतिवर्ष ₹ 20,000 ऋणपत्र शोधन निधि खाते में परिवर्तित करती है । विनियोगों पर ब्याज मिलने के बाद ऋणपत्र शोधन निधि विनियोग 20% लाभ से बेच दिये गये और ता. 31-12-2012 को उपर्युक्त ऋणपत्रों में से ₹ 4,80,000 के ऋणपत्रों का शोधन किया गया ।

तैयार कीजिये :

12% के ऋणपत्र खाता

ऋणपत्र शोधन निधि खाता

8% के ऋणपत्र शोधन निधि विनियोग खाता

**अथवा**

(ब) राजन लि. ने ता. 1-4-2010 को ₹ 100 वाले 5% के 2000 ऋणपत्र 6% बट्टा से, प्रतिवर्ष 20% ऋणपत्र खुले बाजार में से खरीद कर शोधन करने की शर्त से प्रकाशित किये ।

ता. 31/3/2011 को कम्पनी ने 20% ऋणपत्र ₹ 98 के भाव से और ता. 31/3/2012 को 20% ऋणपत्र ₹ 101 के भाव से खुले बाजार में से खरीद कर शोधन किये ।

वर्ष 2010-11 और 2011-12 के लिए कम्पनी की बही में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये ।

3. (अ) निम्नलिखित व्यवहारों की पूँजी घटाव के संदर्भ में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये ।: **8**

(1) ₹ 12.50 वाले 50,000, 7% के अधिमान अंशों पर एक वर्ष का डिविडंड चुकाना बाकी है । अधिमान अंशधारी आधा डिविडंड छोड़ देते हैं और शेष रकम के संबंध में इक्विटी अंश स्वीकार करते हैं ।

(2) ₹ 90,000/- का एक आकस्मिक दायित्व चुकाना है । एक संचालक जो इसके लिए जिम्मेदार है उसकी कम्पनी में लोन की रकम में से ₹ 30,000 वसूल किये जाते हैं और दायित्व चुकाया जाता है ।

(3) ऋणपत्रधारी अपना बाकी ब्याज ₹ 6,000/- रोकड़ में स्वीकार करते हैं और ₹ 80,000/- की कीमत का मकान ₹ 1,00,000/- की कीमत में अपने ऋणपत्रों के भाग रूप स्वीकारते हैं ।

(4) लेनदारों में से ₹ 1,50,000/- के लेनदारों को उनके लेने के संबंध में ₹ 10 वाले एक इक्विटी अंश ₹ 25 की कीमत वाले प्रति ₹ 50 के बदले में दिये जाते हैं । बाकी को एक वर्ष के बाद चुकाया जाना है ।

**अथवा**

(अ) (1) पूँजी घटाव के संबंध में कम्पनी कानून के प्रावधान बताइये ।

(2) ₹ 36,000/- का एक लेनदार अपने लेने के पूर्ण भुगतान के संबंध में ₹ 31,000 के 12% के नये ऋणपत्र स्वीकार करता है और दूसरा एक लेनदार अपने ₹ 20,000/- के लेने के पूर्ण भुगतान में 20% बट्टा से रोकड़ स्वीकार करता है, तीसरा एक लेनदार ₹ 40,000 के लेने के पूर्ण भुगतान में ₹ 30,000 के विनियोग ₹ 44,000 की कीमत में स्वीकार करता है और ₹ 4,000 कम्पनी को रोकड़ में वापस करता है । पूँजी घटाव के सन्दर्भ में जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये ।

(ब) निम्नलिखित व्यवहारों को पूँजी फंड में परिवर्तन के सन्दर्भ में जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये : **6**

(1) कम्पनी की भरपाई अंश पूँजी ₹ 100 वाले 5000 इक्विटी अंशों में वितरित है । कम्पनी अपनी अंश पूँजी का ₹ 10 वाले इक्विटी अंशों में 10% के ₹ 10 वाले अधिमान अंशों में 3 : 2 के अनुपात में विभाजन करना चाहती है ।

(2) कम्पनी ₹ 9,800 के इक्विटी स्टोक के बदले में ₹ 10 वाले 1000 इक्विटी अंश देती है ।

(3) कम्पनी ₹ 100 वाले 5000 इक्विटी अंशों के बदले में ₹ 95 के भाव का इक्विटी स्टोक देती है ।

**अथवा**

(ब) निम्नलिखित व्यवहारों की पूँजी फंड में परिवर्तन के सन्दर्भ में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिये :

(1) कम्पनी की भरपाई अंश पूँजी ₹ 100 वाले 5,000 इक्विटी अंशों में वितरित है । कम्पनी अपनी अंश पूँजी को ₹ 100 वाले के बदले में ₹ 10 वाले 7 इक्विटी अंश और 10% के ₹ 10 वाले 3 अधिमान अंश में विभाजित करना चाहती है ।

(2) कम्पनी अपने ₹ 100 वाले 5,000 इक्विटी अंशों के बदले में निम्नानुसार इक्विटी स्टोक देती है :

(અ) ₹ 105 के भाव से स्टोक, प्रति अंश

(બ) ₹ 95 के भाव से स्टोक, प्रति अंश

4. (अ) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : "पुन: बीमा" **8**

(ब) समझाइये : **6**

(1) चुकाया दावा

(2) कमीशन

(3) बाकी जोखिम अनामत

(4) नो क्लेम बोनस

**अथवा**

4. निम्नलिखित बाकियाँ ओरियन्ट इन्सोरेन्स कम्पनी से संबंधित हैं : **14**

| **विवरण** | **31/3/2011** | **31/3/2012** |
|---|---|---|
| | **₹** | **₹** |
| प्रीमियम | 3,30,000 | 3,60,000 |
| सीडेड पुन: बीमा पर प्रीमियम | 90,000 | 1,20,000 |
| स्वीकार पुन: बीमा पर प्रीमियम | 30,000 | 60,000 |
| चुकाया दावा | 51,000 | 92,000 |
| सीडेड पुन: बीमा दावा की वसूली | 6,000 | 12,000 |
| स्वीकार पुन: बीमा दावा | 750 | 1,350 |
| प्रत्यक्ष धंधा पर कमीशन | 13,500 | 18,000 |
| स्वीकार पुन: बीमा पर कमीशन | 4,500 | 7,500 |
| सीडेड पुन: बीमा पर कमीशन | 13,200 | 14,400 |
| स्थिर सम्पत्तियों पर घिसाई | 7,650 | 9,450 |
| ओडिट फीस | 3,000 | 3,000 |
| वेतन | 75,000 | 81,000 |
| प्रिन्टींग एवं स्टेशनरी | 27,900 | 34,500 |
| सामान्य खर्च | 9,300 | 13,500 |
| फुटकर खर्च | 2,250 | 13,500 |
| मोटर बिक्री का लाभ | 3,600 | – |
| फर्नीचर बिक्री से हानि | – | 400 |
| प्रीमियम की कमी के रूप बोनस | 2,000 | – |

(1) चुकाना बाकी दावा की जिम्मेदारी निम्नानुसार है :

ता. 31/3/2010……. ₹ 20,550

ता. 31/3/2011…..... ₹ 26,858

ता. 31/3/2012……. ₹ 33,330

(2) बाकी जोखिम अनामत की बाकी निम्नानुसार है :

ता. 31/3/2010…….₹ 96,000 और अतिरिक्त अनामत ता. 31/3/2010…..₹ 9,600/-

(3) प्राप्त शुद्ध प्रीमियम का 50% बाकी जोखिम अनामत और अतिरिक्त अनामत 5% का प्रावधान करना है ।

ता. 31/3/2011 और ता. 31/3/2012 को पूर्ण होते वर्ष के लिए ओरीयन्ट इन्श्योरेन्स कम्पनी का IRDA गाइडलाइन अनुसार महेसूली खाता तैयार कीजिये ।

5. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प की पसंदगी कीजिये : (कोई **सात**) **14**

(1) जब क्रेता कम्पनी विक्रेता पेढ़ी का विसर्जन खर्च चुकाती है तो वह रकम कम्पनी कौन से खाते उधार करेगी ?

(a) अंश पूँजी खाते

(b) विक्रेता खाते

(c) विसर्जन खर्च खाते

(d) ख्याति खाते

(2) हिसाबी मानक-10 संबंधित है

(a) स्थिर सम्पत्ति

(b) चालू सम्पत्ति

(c) दायित्व

(d) कोई नहीं

(3) *x* लि. ₹ 10 वाले 10,000 इक्विटी अंश प्रकाशित करती है । y इस निर्गमन को 6% कमीशन से अभिगोपित करता है । कम्पनी कानून अनुसार उसका अभिगोपन कमीशन होगा

(a) ₹ 6,000

(b) ₹ 5,000

(c) ₹ 2,500

(d) एक भी नहीं

(4) ऋणपत्र शोधन प्रीमियम है

(a) महेसूली नुकसान

(b) महेसूली लाभ

(c) पूँजी नुकसान

(d) पूँजी लाभ

(5) कम्पनी अंश पूँजी में कमी करती है

(a) अप्रकाशित अंश रद्द करके

(b) प्रकाशित अंश पूँजी में कमी करके

(c) (a) व (b) दोनों द्वारा

(d) कोई भी नहीं

(6) दावाओं से संबंधित कानूनी खर्च किस शीर्षक में दर्शाये जाते हैं ?

(a) चुकाया दावा

(b) प्रशासनिक खर्च

(c) चुकाया कमीशन

(d) प्रीमियम

(7) भारत में सामान्य बीमा का राष्ट्रीयकरण के बाद, पुन: बीमा

(a) संभव नहीं ।

(b) संभव है ।

(c) कम्पनी पर निर्भर है ।

(d) कोई भी नहीं

(8) ₹ 50 वाले ऋणपत्र पर अधिक से अधिक स्वीकृतिपात्र अभिगोपन कमीशन :

(a) ₹ l.25

(b) ₹ 2.50

(c) ₹ 4

(d) ₹ 5

(9) भारतीय हिसाबी मानक-6 कौन सी तारीख से सभी इकाइयों के लिए अनिवार्य है ?

(a) ता. l/4/1984

(b) ता. 1/4/1991

(c) ता. 1/4/1994

(d) ता. l/4/1995

---